**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**निदेशक कार्यालय**

फा.सं.40-30/2022-स्था.। दिनांक: 30.05.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: एम्स, नई दिल्ली में रोगियों एवं स्टाफ-सदस्य हेतु शुल्क सहित वैलेट सेवाओं के प्रावधान संबंधी।**

एम्स, नई दिल्ली के विभिन्न परिसरों में प्रतिदिन 30,000 से अधिक रोगी एवं स्टाफ-सदस्य आते हैं। उनकी पार्किंग आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एम्स, नई दिल्ली के विभिन्न परिसरों में पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध है, जो आंतरिक शटल सेवाओं से जुड़ा हुआ है। हालांकि बहुत से रोगियों एवं स्टाफ-सदस्यों द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि जो व्यक्ति शुल्क सहित वैलेट सेवा संबंधी सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, उनके लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए क्योंकि पार्किंग स्थान प्राय: बहुत दूर-दूर होते हैं।

तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि एम्स, नई दिल्ली के सभी परिसरों में आउटसोर्स आधार पर शुल्क सहित पार्किंग सुविधा प्रारंभ की जाए। यह सेवा एच 1 आधार पर जेम पर उचित निविदा प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात प्रमाणिक विक्रेताओं को आउटसोर्स की जाएगी। संविदा को अंतिम रूप देते समय निम्नलिखित प्रावधानों को सुनिश्चित किया जाएगा:

- वैलेट पार्किंग वाहन पिकअप पॉइंट को आपातकालीन, ओ.पी.डी. एवं मुख्य अस्पताल, प्रत्येक ब्लॉक तथा केन्द्रों के कम से कम एक मुख्य प्रवेश स्थल पर बनाया जाएगा।
- आउटसोर्स सेवा प्रदाता द्वारा शुल्क सहित पार्किंग की दर को एम्स, नई दिल्ली के द्वारा पहले ही निर्धारित कर दिया जाएगा तथा वेंडर द्वारा इसे सभी वाहन पिकअप पॉइंट पर प्रदर्शित किया जाएगा और उसी के अनुसार रोगियों से शुल्क लिया जाएगा।
- लंबे समय तक यहां रहने वाले रोगियों एवं स्टाफ-सदस्यों के लिए किफायती शुल्क सेवाएं मुहैया कराने हेतु प्रति घंटे की दरों के अलावा दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक 'शुल्क पार्किंग पास' विकल्प भी उपलब्ध होगा।
- आगुंतकों के लिए, शुल्क सहित पार्किंग प्रदाता द्वारा वाहनों को शुल्क भुगतान वाली पार्किंग में खड़ा किया जाएगा तथा जितना शुल्क बनेगा, उतना ही लिया जाएगा। यदि स्टाफ-सदस्य के वाहन पर एम्स का पार्किंग स्टीकर लगा हुआ है, तो उनसे कोई अतिरिक्त पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा उनके वाहन को स्टाफ पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया जाएगा।

– शुल्क सहित पार्किंग सेवा प्रदाता द्वारा 100% डिजिटल टिकटिंग एवं भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।
– रोगी के फीडबैक के आधार पर अच्छी सेवा हेतु प्रोत्साहन एवं नकारात्मक प्रतिक्रिया हेतु दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रावधानों को शामिल किया जाएगा।
– शुल्क सहित पार्किंग प्रदाता को पर्याप्त संख्या में ड्राइवरों को तैनात करना होगा ताकि कोई भी वाहन, वाहन पिकअप पॉइंट पर 02 मिनट से ज्यादा के लिए खड़ा न रह सकें।
– शुल्क सहित पार्किंग प्रदाता द्वारा जो ड्राइवर तैनात किए जाएंगे उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। वे निर्धारित विशिष्ट वर्दी में होने चाहिए, वे हमेशा अपने नाम का बैज पहने हुए एवं अच्छी तरह से तैयार होने चाहिए।

उक्त सेवाओं की आउटसोर्सिंग दिनांक 31 जुलाई, 2024 तक पूर्ण कर ली जाए।

**कार्रवाई: प्रभारी-संकाय, यातायात निगरानी समिति; मुख्य सुरक्षा अधिकारी; भंडार अधिकारी (नि.का.)**

**प्रो. एम. श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (इस अनुरोध के साथ कि इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारीगण को भी परिचालित किया जाए)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केन्द्रों के प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई., झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-संकाय, कंप्यूटर सुविधा

**नोट: (किसी भी विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।)**

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F. No. 40-30/2022-Estt.I 30.05.2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Provisioning of paid valet services for patients & staff at AIIMS New Delhi reg.**

The various campuses of AIIMS New Delhi have a footfall of over 30000 patients & staff members. To cater to their parking needs, AIIMS New Delhi has adequate parking spaces available in various campuses, connected by internal shuttle services. However, it has been requested by many patients & staff, to provide paid valet parking facility for those who wish to avail the same, as often the parking areas are at a distance.

Accordingly, it has been decided that paid valet parking facility shall be started at all the campuses of AIIMS New Delhi on outsourcing basis. The services shall be outsourced to vendors with established credentials after following due tendering process on GeM on H1 basis. While finalizing the contract, the following provisions shall be ensured:

- The valet parking vehicle pickup points shall be provisioned at the Emergency, OPD and at atleast one major entry point of the Main Hospital, each Block & Centres.
- The rates of valet parking to be charged by the outsourcing service provider shall be pre-decided by AIIMS New Delhi and the vendor shall prominently display the same at all vehicle pickup points and shall strictly charge the patients as per the same.
- To provide economical valet services for long stay patients and staff – daily, weekly & monthly 'valet parking pass' option shall also be available in addition to hourly rates.
- For visitors, the valet parking provider shall park the vehicles in the paid parking and shall charge the parking charges as applicable. No additional parking charges shall be taken from staff if their vehicle bears the AIIMS parking sticker and their vehicles shall be parked in the staff parking areas.
- The valet parking service provider shall ensure 100% digital ticketing and payments.
- Provisions shall be incorporated to ensure incentivization for good services based on patient feedback and disincentive for negative feedback.
- The valet parking provider shall be required to deploy adequate number of drivers such that no vehicle is parked at vehicle pickup points for more than 2 minutes.

- The drivers deployed by the valet parking provider should have a valid driving license, should be dressed in a distinct prescribed uniform, should always wear their name badge and should be well groomed.

The outsourcing of the said services shall be completed by 31st July 2024.

**Action: Prof. I/c Traffic Monitoring Committee; Chief Security Officer; Store Officer (DO)**

30/5/2024

**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c Computer Facility